लीड्स ग्रेनविल

www.leedsgrenville.com

जब बात आदर्श स्थिति, जीवन की गुणवत्ता और आसानी से पहुंच की हो तो लीड्स ग्रेनविल (Wolford Chapel) में रहने में खास फायदा है। इस काउंटी के सामने सेंट लारेंस नदी (St. Lawrence River) और दक्षिण में 1000 द्वीप (1000 Islands) हैं और उत्तर में रिड्यू नहर जल प्रणाली (World Heritage Site Rideau Canal Waterway) है। लीड्स ग्रेनविल के मध्य क्षेत्र की विशिष्टताएं हैं - प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण झीलें, फ्रंटेनेक आर्क जैव अभयारण्य आरक्षित क्षेत्र, (Frontenac Arch Biosphere Reserve) उन्नत कुटीर उद्योग से संपन्न गांव, जंगल और हरे-भरे खेत।

लीड्स ग्रेनविल ओन्टारियो (Ontario) प्रांत में परिवहन का केन्द्र माना जाता है, इसे छुट्टियां मनाने के लिए पसंदीदा जगह माना जाता है और यह महत्वपूर्ण जगह पर स्थित है। यह लगभग 3,350 वर्ग किलोमीटर तक फैला हुआ है और यह राजमार्ग 401 और 406 से, प्रमुख सीएनआर लाईन (CNR line) और डीप-वाटर बंदरगाह और दो अंतरराष्ट्रीय पुलों के जरिए संयुक्त राज्य से अत्यंत सुविधाजनक रूप से जुड़ा है। यह काउंटी टोरंटो (Toronto) और मॉन्टियल (Montreal) के बीच केन्द्रीय रूप से स्थित है। यह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 30 से 60 मिनट की दूरी पर हैं।

लीड्स ग्रेनविल में सेंट लारेंस कॉलेज (St. Lawrence Colleg) और इसके दायरे में केम्प्टविल में यूनिवर्सिटी ऑफ ग्यूल्फ है और किंगस्टन (Kingston) और ओटावा (Ottawa) में कॉलेज हैं जो एक घंटे से भी कम की दूरी पर है। इस क्षेत्र में कुशल कार्मिक और प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर सुविधाएं उपलब्ध हैं। अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय कारोबार और उद्योग अपने कर्मचारियों को बेहतरीन गुणवत्तापूर्ण जीवन की सुविधाएं उपलब्ध करा सकते हैं। इस प्रांत में अन्य कई क्षेत्रों की तुलना में लागतें कम हैं, कर, किराया और जमीन का मूल्य कम हैं। इसकी सीमाओं के तहत 10 लोअर-टीयर म्यूनिसपैलिटी और तीन अलग म्यूनिसपैलिटी हैं जो शहरी केन्द्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक फैली हुई और इन सबसे ब्राडबैंड की सुविधा है।

कुल जनसंख्या 104,070 (Statistics Canada 2021)

जनवरी माह के मध्य तापमान -7 °C (19 °F)

जुलाई माह के मध्य तापमान 23 °C (73 °F)

औसत वार्षिक वर्षा 999 mm

औसत घरेलू आय $96,185

औसत बेरोजगारी दर 10 %

दसवीं कक्षा तक पढ़े वयस्क 17,765

कॉलेज या विश्वविद्यालय डिप्लोमा तक पढ़े वयस्क 31,730

औसत 2 बेडरूम के मासिक अपार्टमेंट किराये की लागत $1,921

औसत 3 बेडरूम अलग बंगला: $417,262

अधिक जानकारी

Ann Weir, आर्थिक विकास प्रबंधक

लीड्स ग्रेनविल

32 Wall Street, Suite 300; Brockville, ON K6V4R9 Canada

613-342-3840 ext. 5365 / ann.weir@uclg.on.ca